RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-23 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 27 जून से 03 जुलाई 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2


## मध्य प्रदेश में पीएम मोदी

# प्रधानमंत्री ने 5 वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, बिहार-झारखंड को पहली बार ये सौगात

**गोवा को भी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है. मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन के बीच दौड़ेगी. यह इस रूट पर अभी चलने वाली ट्रेनों की तुलना में एक घंटा कम समय लेगी.**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं. मंगलवार सुबह पीएम ने भोपाल में पांच नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. इसके अलावा वो कई अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे. पीएम मोदी ने भोपाल से रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस और हटिया-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की. रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को छोड़कर बाकी चार ट्रेनों को पीएम ने वर्चुअली फ्लैग ऑफ किया. इसके साथ ही तीन राज्यों गोवा, बिहार और झारखंड को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली।



मध्य प्रदेश को एक साथ दो वंदे भारत ट्रेन मिली. रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस मध्य प्रदेश के महाकौशल इलाके को राजधानी भोपाल से कनेक्ट करेगी. यह राज्य के कई टूरिस्ट प्लेस से गुजरेगी. इनमें भेड़ाघाट, पंचमढ़ी और सतपुड़ा शामिल है. इसी तरह खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस राज्य के मालवा और बुंदेलखंड को भोपाल से जोड़ेगी. इसी तरह खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस राज्य के मालवा और बुंदेलखंड को भोपाल से जोड़ेगी. इससे महाकालेश्वर, मांडू, महेश्वर, खजुराहो और पन्ना जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा. यह इस रूट पर अभी चलने वाली ट्रेनों से ढाई घंटे जल्दी पहुंचाएगी।

### गोवा को भी मिली पहली वंदे भारत ट्रेन

इसके साथ ही गोवा को भी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है. मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन के बीच दौड़ेगी. यह इस रूट पर अभी चलने वाली ट्रेनों की तुलना में एक घंटा कम समय लेगी।

# वोट बैंक के भूखे तीन तलाक की करते हैं वकालत, एमपी में बोले पीएम मोदी- यूसीसी के नाम पर भड़काया जा रहा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर भोपाल मे हैं. रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी नेहरू स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के अंतर्गत 10 लाख बूथों पर तीन करोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित किया. साथ ही उन्होंन संवाद भी किया. इस दौरान पीएम मोदी ने यूपी की भाजपा कार्यकर्ता रानी चौरसिया से संवाद किया।**

### वोट बैंक के भूखे लोग तीन तलाक का करते हैं वकालतः पीएम मोदी



रानी चौरसिया ने पीएम मोदी से वोट बैंक की राजनीति पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि वोट बैंक के भूखे लोग तीन तलाक का विरोध करते हैं. मुस्लिम बेटियों के साथ अन्याय करते हैं. तीन तलाक कहकर कोई बेटी को घर से निकाल दे, उन मां-बाप का क्या होता है. बेटी का पूरा परिवार तबाह हो जाता है. पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग तीन तलाक की वकालत करते हैं वे वोटबैंक के भूखे लोग हैं, और वे मुस्लिम महिलाओं के साथ अन्याय कर रहे हैं. तीन तलाक पूरे परिवार को नष्ट कर देता है. मुस्लिम बहुल देशों ने भी तीन तलाक पर प्रतिबंध लगा दिया है. हाल ही में, मैं मिस्र में था. उन्होंने लगभग 80-90 साल पहले तीन तलाक को खत्म कर दिया था।

### तीन तलाक का संबंध इस्लाम से होता तो मुस्लिम देश बंद नहीं करतेः पीएम मोदी

इसके अलावा पीएम मोदी ने कहा, 'अगर तीन तलाक का इस्लाम से संबंध होता तो दुनिया के मुस्लिम देश तीन तलाक बंद नहीं करते. तीन तलाक इस्लाम का जरूरी अंग है तो पाकिस्तान इंडोनेशिया कतर जॉर्डन सीरिया में क्यों नही होता? कुछ लोग तीन तलाक का फंदा लटका कर महिलाओं पर अत्याचार करते है. मैं जानता हूं मेरी मुस्लिम बहनें-बेटियां भाजपा और मोदी के साथ खड़ी रहती हैं. मुस्लिम भाई-बहनों को भी यह समझना होगा कौनसे राजनीतिक दल उनको भड़का कर उनका फायदा ले रहे हैं।

### यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काया जा रहा हैः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल कोड को लेकर कहा, यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है. एक घर में परिवार के अलग-अलग सदस्यों के लिए दो कानून कैसे हो सकते हैं. भारत के संविधान में भी नागरिकों के अधिकारियो की बात कही गई है. यह लोग मुस्लिम-मुस्लिम करते है. यदि यह लोग हितैषी होते तो मुस्लिम भाई बहन पिछड़े नही होते. सुप्रीम कोर्ट कह रहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करो लेकिन ये वोट बैंक के भूखे लोग नही चाहते है।'

### विपक्षी केवल भ्रष्टाचार और करोड़ों के घोटालों की गारंटी हैः पीएम मोदी

वहीं पीएम मोदी ने विपक्षी दलों की बैठक पर कहा, 'ये विपक्षी किस चीज़ की गारंटी है, ये सारे भ्रष्टाचार की, करोड़ों के घोटालों की. इन सब का मिलकर टोटल लगाएंगे, कम से कम 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है. कांग्रेस का अकेले लाखों करोड़ों का घोटाला है. बीजेपी को कोई कार्यकर्ता जो आपमें से इनोवेटिव हो इनके घोटालों का मीटर बना लीजिये. इनके पास घोटालों का ही अनुभव है।

इनकी गारंटी केवल एक है घोटालों की गारंटी. मेरी गारंटी है हर घोटाले बाज पर, चोर लुटेरे पर कार्रवाई की गारंटी।

### 70 दिन के लिए महाकाल गर्भगृह में भक्तों का प्रवेश बंद



बाबा महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक हुई जिसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का प्रमुख मुद्दा श्रावण मास में बाबा महाकाल के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा पूर्वक दर्शन कराना रहा। भीड़ को देखते हुए 66 दिन गर्भ ग्रह में भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।

4 जुलाई से सावन का महीना लग जाएगा और इस बार अधिक मास होने के चलते 2 महीने तक सावन रहेगा। यही वजह है कि 4 जुलाई से 11 सितंबर तक गर्भ ग्रह में प्रवेश पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

संपादकीय

# एक साथ मिल कर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया

**सत्रह दलों के करीब तीस बड़े नेता बैठक में शामिल हुए और एक सुर में साथ मिल कर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया। यह निश्चित रूप से नीतीश कुमार की महीनों की मेहनत का सुफल था। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी।**





संपादक-
गोपाल गावंडे

मगर आम चुनाव में अभी वक्त है और इस बीच विपक्षी दलों का यह सूत्र कितना टिकाऊ साबित हो पाता है, देखने की बात होगी। हालांकि इसमें सभी विपक्षी दलों ने कांग्रेस की अगुआई स्वीकार कर ली है, मगर यही सबसे नाजुक बिंदु है, जहां से दिक्कतें शुरू हो सकती हैं। आम आदमी पार्टी ने तो अपनी शर्त पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है।

उसने स्पष्ट कहा है कि कांग्रेस दिल्ली सरकार संबंधी केंद्र के अध्यादेश पर उसका साथ दे, नहीं तो वह भी गठबंधन को लेकर विचार करने पर विवश होगी। आम आदमी पार्टी जिस तरह की आक्रामक राजनीति करती है, वह ढंग कांग्रेस का नहीं है। कांग्रेस अध्यादेश के समर्थन में कभी नहीं रही, मगर वह उसे लेकर सड़क पर नहीं उतरना चाहती है। वह सदन का मामला है और वह उसे सदन में उठाएगी, ऐसा उसने स्पष्ट भी कर दिया है। मगर आम आदमी पार्टी इसे लेकर कितने धैर्य का परिचय देती है, देखने की बात है।

दरअसल, विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रयास पहली बार नहीं हुआ है। पिछली लोकसभा चुनाव के वक्त भी हुआ था, मगर सिरे नहीं चढ़ सका। भाजपा ने कुछ अधिक सीटों के साथ ही वापसी की थी। नए बने गठबंधन में ज्यादातर क्षेत्रीय दल हैं और सबके अपने क्षेत्रीय स्वार्थ, समीकरण और मुद्दे हैं। अपने-अपने क्षेत्र में सबकी लड़ाई भाजपा के अलावा कांग्रेस से भी है।

विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस के विरोध में ही चुनाव लड़ते रहे हैं। इस तरह अगर सभी एकजुट होकर केवल भाजपा के विरोध में उतरते हैं, तो उन्हें कांग्रेस के साथ अपनी सीटों का बंटवारा करना पड़ेगा, जिसके लिए उनकी पार्टी को खासा मंथन और विरोध से होकर गुजरना पड़ेगा। मसलन, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस के लिए बहुत कम जगह छोड़ना चाहेंगी।

इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी की मुख्य लड़ाई ही कांग्रेस से है, इसलिए सीटों के बंटवारे पर किस तरह दोनों के साथ सहमति बनती है, कहना मुश्किल है। ऐसी ही मुश्किलें समाजवादी पार्टी आदि दूसरे दलों के साथ भी हैं।

शुरुआती चरण में ही जिस तरह आम आदमी पार्टी के भीतर कांग्रेस को लेकर हिचक देखी जा रही थी, वह अभी दूर नहीं हुई है। दरअसल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी आई ही थी कांग्रेस का विरोध करके। वह टीस अभी कांग्रेस में भी बनी हुई है। यही वजह है कि बहुत सारे मामलों में न केवल भाजपा, बल्कि कांग्रेस की तरफ से भी उसे विरोध का सामना करना पड़ता है। दिल्ली सरकार संबंधी अध्यादेश पर कांग्रेस की चुप्पी भी उसी का नतीजा है। फिर आम आदमी पार्टी को यह भी लगता है कि अगर उसने कांग्रेस से किसी भी प्रकार का गठजोड़ कर लिया, तो उसका जनाधार कमजोर हो सकता है। इसलिए वह नए गठबंधन में शामिल होने को लेकर पूरी तरह दृढ़संकल्प नजर नहीं आ रही है। मगर उसके अलग रहने से भी गठबंधन पर बहुत असर इसलिए नहीं माना जा रहा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में उसका प्रभाव क्षेत्र बहुत छोटा है।

राजनीति

# गुरबाणी का मुफ्त प्रसारण क्या अकाली को सीधी चोट है? जानिए मान सरकार के एक प्रस्ताव पर क्यों बरपा हंगामा

**भगवंत सरकार मानती है कि गुरबाणी सुनने का अधिकार सभी का है, ऐसे में इसका मुफ्त प्रसारण जरूरी है। इसी वजह से सिख गुरद्वारा एक्ट 1925 में नई धारा जोड़ी जाएगी और सदन में प्रस्ताव भी लाया जाएगा।**

पंजाब की सियासत में इस समय एक नया बखेड़ा शुरू हो गया है। गुरबाणी को लेकर पंजाब की भगवंत सरकार और अकाली दल एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं। असल में पंजाब सरकार सदन में एक प्रस्ताव लाने वाली है जिससे अमृतसर के हरमंदिर साहिब (स्?वर्ण मंदिर) में होने वाली गुरबाणी के प्रसारण के लिए किसी भी तरह के टेंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुफ्त में ही कोई भी इसका प्रसारण कर पाएगा।

### क्या है ये गुरबाणी विवाद?

भगवंत सरकार मानती है कि गुरबाणी सुनने का अधिकार सभी का है, ऐसे में इसका मुफ्त प्रसारण जरूरी है। इसी वजह से सिख गुरद्वारा एक्ट 1925 में नई धारा जोड़ी जाएगी और सदन में प्रस्ताव भी लाया जाएगा। अब इस प्रस्ताव पर पंजाब की सियासत में जबरदस्त राजनीति शुरू हो गई है। असल में अभी तक बादल परिवार का जो पीटीसी चैनल है, उस पर गुरबाणी का सुबह-शाम प्रसारण होता है।

### अकाली से क्या कनेक्शन?

पीटीसी चैनल को ये टेंडर Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee (SGPC) से मिला हुआ है। लेकिन पंजाब की मान सरकार का आरोप है कि स्त्वक्ष्ट एक राजनीतिक कठपुतलती बन गया है जो सिर्फ अपने मालिकों के इशारे पर काम कर रहा है। जोर देकर कहा गया है कि सभी चैनलों को गुरबाणी चलाने की अनुमति ना देना गलत है। सीएम मान ने तो यहां तक कह रखा है कि इस गुरबाणी के जरिए भी बादल परिवार अपना राजनीतिक फायदा कर रही है।

### विपक्ष का क्या आरोप?

वहीं दूसरी तरफ पीटीसी नेटवर्क का कहना है कि गुरबाणी के प्रसारण के लिए उनकी तरफ से हर साल स्त्वक्ष्ट को 2 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। वहीं स्त्वक्ष्ट के जो दूसरे कार्यक्रम होते हैं, उसका प्रसारण भी पीटीसी पर किया जाता है। लेकिन अब जिस प्रस्ताव को लाने की बात हो रही है, इसके बाद बादल परिवार के चैनल की मोनोपोली खत्म हो जाएगी। वैसे भी जुलाई में पीटीसी और स्त्वक्ष्ट का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो रहा है।

अभी के लिए अकाली इस प्रस्ताव को लेकर अपने चैनल का जिक्र तो नहीं कर रही, लेकिन कानून का हवाला देकर विरोध जरूर जता रही है। अकाली अध्यक्ष सुखबीर बादल कहते हैं कि सिख संगत से गुरबाणी प्रचार का अधिकार छीनना एक खतरनाक कदम है और गुरुद्वाओं को सरकारी कंट्रोल में लाने की



कोशिश है। ये सिर्फ खालसा पंथ के गुरुद्वारों पर हमला नहीं है, बल्कि सिख समाज पर भी हमला है।

### सिद्धू का साथ, फिर होगा खेल?

**एक तर्क ये भी दिया जा रहा है कि जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वो केंद्र सरकार का बनाया हुआ है, ऐसे में राज्य सरकार कैसे संशोधन कर सकती है। वैसे बड़ी बात ये है कि इस विवाद में मान सरकार को कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धा का साथ मिल गया है जिनका कहना है कि ये काफी पुरानी मांग थी जिसे अब माना जा रहा है। इस मामले में उनका स्टैंड कांग्रेस से ही अलग चला गया है जो इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार को घेर रही है।**

### डेढ़ साल के मासूम की मौत

# रिसर्व आ रही जेसीबी ने बालक को कुचल दिया

इन्दौर । पुलिस के अनुसार बायपास पर स्काई ओमेक्स सिटी के पास रविवार को यह हादसा हुआ। यहां डेढ़ साल के यतिन पिता सुनील वारेला की मौत हो गई। पिता सुनील निवासी ग्राम लाइनपुरा तहसील बड़वाह जिला खरगोन की रिपोर्ट पर जेसीबी चालक पर केस दर्ज किया है। सुनील मजदूरी करता है। वह और पत्नी काम कर रहे थे और पास में ही खेल रहा था। तभी यहां पर एक एक जेसीबी का चालक अपनी जेसीबी को तेजगति से रिवर्स करते लाया और बच्चे को चपेट में लेकर कुचल दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने शव को पीएम के अस्पताल पहुंचाया, वहीं जेसीबी जब्त कर चालक पर केस दर्ज किया है।

# ट्रक में घुसी मिनी लोडिंग, चालक की मौत

इन्दौर । तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार रात करीब 3 बजे हुआ। बायपास के ब्रिज पर टाटा एस वाहन लेकर जा रहे मंसूर (36)पिता सरदार पटेल निवासी ग्राम धन्नड पीथमपुर हादसे का शिकार हो गया। बताया जाता है कि रात में आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। मंसूर की गाड़ी पीछे से ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में मंसूर गंभीर रूप से घायल हो गया। रिश्तेदार युसुफ ने बताया कि वह निजी कंपनी का माल खाली करने भोपाल गया था। यहीं से वह रात में अपने घर पीथमपुर के लिये वापस आ रहा था। मंसूर के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा होने वाले ट्रक के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# पत्नी मायके गई, पति ने दी जान

इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में रहने वाले निजी ड्रायवर ने अपनी पत्नी के मायके जाने के बाद जहर खाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बताया कि एक दिन पहले ही पत्नी मायके गई थी। संभवत:दोनों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हुए होंगे। जिसके बाद पति ने यह कदम उठा लिया। पुलिस को घर से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक गौरीशंकर (25) पिता रेवा राम रोकड़े की जहर खाने के कारण मौत हो गई। गौरीशंकर को शनिवार को एमवाय अस्पताल में रिश्तेदारों ने भर्ती कराया था। यहां रविवार रात उसने दम तोड़ दिया। रिश्तेदार महेश ने बताया गौरीशंकर निजी कंपनी की गाड़ी चलाता था। शनिवार को वह काम पर नहीं गया। जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। एक दिन पहले शुक्रवार को गौरीशंकर की पत्नी ज्योति अपने मायके खरगोन के पास नालदड़ी ग्राम में गई थी। संभवत:पत्नी के जाने के समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई होगी। पुलिस के मुताबिक अभी पत्नी के बयान नहीं हो पाए हैं। गौरीशंकर का एक चार साल का बेटा भी है।

# कुक ने भी फांसी लगाकर की खुदकुशी

**इन्दौर । तिलक नगर इलाके में रहने वाले एक कुक ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर में दोस्तों ने उसे फंदे पर लटके देखा। जिसके बाद एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

तिलकर नगर पुलिस के मुताबिक गौतम पिता मधु बालसे निवासी पिपल्याहाना ने रविवार को फांसी लगा ली। गौतम पेशे से कुक था और एक रेस्टोरेंट में काम करता था। परिवार में एक बड़ा भाई और माता-पिता हैं। गौतम रविवार दोपहर घर पर अकेला था। इस दौरान उसने यह कदम उठा लिया। परिवार के लोगों के मुताबिक गौतम मोबाइल नहीं चलाता था। अभी किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। गौतम के पिता धामनोद में रहते हैं। वह इंदौर में मां और भाई के साथ रहता था। पुलिस के मुताबिक फिलहाल मामले में जांच जारी है।

### हेड कांस्टेबल की थाने में शिकायत

# एंबुलेंस वालों ने लगाया रिश्वत का आरोप

इंदौर। एमवाय अस्पताल से एंबुलेंस संचालित करने वाले चालकों ने संयोगितागंज थाने पहुंचकर टीआई को चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि नागदा में रेल हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के शव को ए बुलेंस से ले जाने के लिए पीएम के दस्तावेज मांगने पर एक हेड कांस्टेबल ने 500 रुपए वसूल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ामले की जांच कर रही है।

नागदा में हुए रेल हादसे में दीपक कहार घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए उज्जैन लाया गया वहां से एमवाय रैफर किया गया। दीपक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दीपक गंगापुर राजस्थान का रहने वाला था। परिजनों ने उसके शव को ले जाने के लिए एंबुलेंस की बुकिंग की। एंबुलेंस लेकर अमन प्रजापत निवासी लोकनायक नगर पीएम कक्ष से शव ले जाने के लिए पहुंचा था। आरोप है कि एमवाय चौकी पर पदस्थ हेड कांस्टेबल दिनेश यादव ने एंबुलेंस को रोक दिया। हेड कांस्टेबल को पीएम से संबंधित दस्तावेज तैयार करने थे। शव को एंबुलेंस में रखने के लिए उसने दीपक के परिजनों से 500 रुपए ले लिए उसके बाद ही पीएम के दस्तावेज तैयार किए और शव को एंबुलेंस में रखने दिया। अमन प्रजापत ने हेड कांस्टेबल दीपक यादव की लिखित शिकायत संयोगितागंज थाने में टीआई तहजीब काजी से की है। उसके साथ अन्य एंबुलेंस वाले भी थाने पहुंचे थे। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ाया

**इंदौर। अपने वृद्ध दोस्त से व्यापार के नाम पर एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि लेकर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दोस्त को रुपयों के बदले में उन्हें अच्छा रिटर्न देने का वादा भी किया था। दो तीन साल बाद उससे पैसे वापस मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। बुजुर्ग परेशान हो गए उन्होंने उसे पोतियों की शादी के लिए बचाया गया पैसा भी दे दिया गया था।**




भंवरकुआ इलाके में रहने वाले बुजुर्ग अजय शिवानी के घर छावनी अनाज मंडी कारोबार शंकरलाल का आना जाना था। करीब 20 साल से वह इनके घर आता जाता था। पारिवारिक रिश्ते बन गए थे। 2019 में शंकरलाल ने अजय शिवानी से कहा कि कोरोना के कारण उसके पास व्यापार करने के लिए पैसा नहीं है। आप पैसे दे दो बदले में मैं अच्छा ब्याज भी दे दूंगा। इसकी बात पर विश्वास करते हुए अजय शिवानी ने अपने पास से एक करोड़ पांच लाख और पत्नी से 65 लाख रुपए लेकर इसको दे दिया। अजय की पत्नी ने पोतियों की शादी के लिए 65 लाख रुपए बचाकर रखे थे। पैसा लेने के बाद शंकरलाल से ये जब भी पैसे मांगते तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। कुछ दिनों बाद तो उसने घर पर आना बंद कर दिया और उनसे संपर्क तोड़ लिए। अजय शिवानी का माथा ठनका और उन्होंने इस मामले को लेकर भंवरकुआ पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शंकरलाल के खिलाफ धारा 420 का केस दर्ज कर जांच शुरू की और अब छावनी अनाज मंडी के कारोबारी शंकरलाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर इनसे रुपए के बारे में पूछताछ कर रही है।

# ढाई साल की बालिका की संदिग्ध मौत

**इंदौर। दो दिन से बुखार के चलते ढाई साल की मासूम को परिजन ने रात को दवा देकर सुला दिया। सुबह बच्ची को जगाया तो वह बेसुध मिली। परिजन बच्ची को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे तो यहां डाक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बालिका की संदिग्ध मौत के मामले में कनाड़िया पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

मूल रूप से राजपुर विदिशा के रहने वाले जीवनसिंह पत्नी और ढाई साल की मासूम विद्या के साथ बिचौली मर्दाना में अपने विद्या के मामा विशाल के घर आए थे। दो दिन पहले बच्ची को बुखार आया था। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में दिखाया और डाक्टरों ने उसे दवा लिखकर दे दी। बच्ची को शनिवार की रात उसकी मां लीला ने दवा देकर सुला दिया। सुबह मां ने विद्या को जगाना चाहा तो वह बेसुध मिली। इसके बाद परिजनों को बताया तो तत्काल वे बच्ची को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। वहां डाक्टरों ने चैकअप के बाद बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है।

### काम की तलाश में आए थे

बताया जाता है कि विद्या के परिजन करीब एक माह पहले ही काम की तलाश में राजपुर विदिशा से इंदौर आए हैं। विद्या के पिता जीवनसिंह खेती का काम करते हैं। उसका भाई और मां ने इंदौर में काम करने की बात कही थी तो पति ने उन्हें इजाजत दे दी थी। इसके बाद वे फिलहाल विद्या के मामा विशाल के घर पर ही थे। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# महिला के फोटो एडिट कर किया ब्लेकमेल

**इंदौर। दो बदमाशों ने पहले तो महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती की और फिर बहाने से उसके फोटो व आधार कार्ड ले लिया। फोटो को एडिट कर वह उसे ब्लेकमेल करने लगे। परेशान महिला ने संयोगितागंज पुलिस की शरण लेते हुए दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

पुलिस के अनुसार शिवपुरी निवासी महिला एक होस्टल में नौकरी करती है। उसके पास दो मोबाइल नंबर से मैसेज आए। इन दोनों ने अपने नाम रोहित त्रिपाटी और सोनू बताए। उसके बाद महिला ने इनसे वाट्सएप चैटिंग शुरू कर दी। मोबाइल धारकों ने महिला को बातों के जाल में फंसाया। ये वाट्सएप पर काल करते थे लेकिन अपना चेहरा उजागर नहीं करते थे। मोबाइल धारक ने महिला को ज्वैलरी के फोटो भेजे और कहा कि आपको गि ट करना है,इसका झांसा देकर महिला का फोटो हासिल कर लिया। महिला ने बातों ही बातों में लोन लेने की बात बताई तो उसका आधार कार्ड भी ले लिया। उसके बाद मोबाइल धारकों ने महिला के फोटो एडिट किया और ब्लैकमेल करने लगे। महिला ने इस बात की शिकायत संयोगितागंज थाने पर कर दी। केस दर्ज होने के बाद भी मोबाइल धारक ने ब्लैकमेल करना और धमकी देना बंद नहीं किया। महिला ने पुलिस को ये बात बताई। अब पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की काल डिटेल से लोकेशन तलाशी जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मैं अनंत की शक्ति हूं...

स्त्रहमें सरस्वती की भी आराधना करनी चाहिए । सरस्वती का कार्य बड़ा महान है। महा सरस्वती ने पहले सारा अंतरिक्ष बनाया। उसमें पृथ्वी तत्व विशेष है। पृथ्वी तत्व को इस तरह से सूर्य और चंद्रमा के बीच में लाकर खड़ा कर दिया कि वहां पर कोई सी भी जीवंत क्रिया आसानी से हो सकती है। इस जीवन प्रक्रिया से धीरे-धीरे मनुष्य भी उत्पन्न हुआ। परंतु हमें अपनी बहुत बड़ी शक्ति को जान लेना चाहिए। वह शक्ति है जिसे हम सृजन शक्ति कहते हैं वीटीवीटी क्रिएटिविटी कहते हैं। यह सृजन शक्ति सरस्वती का आशीर्वाद है जिसके द्वारा अनेक कलाएं उत्पन्न हुई । कला का प्रादुर्भाव सरस्वती के ही आशीर्वाद से है । हमारे बच्चे स्कूल में विद्यार्जन कर रहे हैं । पर हमें ध्यान रखना चाहिए कि बिना आत्मा को प्राप्त किए हम जो भी विद्या पा रहे हैं वह सारी अविद्या है । बिना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त किए आप चाहे साइंस पढ़े या अर्थशास्त्र उसे ना तो आप पूरी तरह समझ सकते हैं और ना ही उसको अपनी सर्जन शक्ति में ला सकते हैं । बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक तो पढ़ने के शौकीन होते हैं और दूसरे जिन्हें पढ़ने का शौक नहीं होता । कुछ बच्चों के पास कम बुद्धि होती है और कुछ के पास अधिक । बुद्धि भी सरस्वती की देन है लेकिन आत्मा से मनुष्य में सुबुद्धि आ जाती है। बुद्धि से पाया हुआ ज्ञान जब तक आप सुबुद्धि पर नहीं तोलिएगा तो वह ज्ञान हानिकारक हो जाता है । इसलिए बहुत से लोग सोचते हैं कि पढ़ने लिखने से बच्चे बेकार हो जाएंगे, सफेदपोश होकर फिर खेती नहीं करेंगें । बस अपने को कुछ विशेष समझ कर के और इसी बहकावे में रहेंगे। किंतु आत्मसाक्षात्कार को पाकर जो विद्यार्जन होता है उसमें बराबर नीर क्षीर विवेक आ जाता है। वह समझ लेते हैं कि कौन सी चीज अच्छी है और कौन सी बुरी है। कौन सी चीज सीखनी चाहिए और कौन सी चीज नहीं सीखनी चाहिए उससे पहले कोई मर्यादा नहीं होती । मनुष्य किसी भी रास्ते पर जा सकता है और किसी भी और मुड़ सकता है और कोई भी बुरे काम कर सकता है। आजकल आप जानते हैं कि छोटे बच्चों में बहुत सारी बुराइयां आने की संभावना है और बड़ों में तो हो ही रहा है की ड्रेस आ गए और दुनिया भर की गंदी बातें बच्चे सीख रहे हैं और परेशानी में फंस गए हैं । यह सब चीजों का इलाज एक ही तरीके से हो सकता है कि इनके अंदर आप आत्मा का साक्षात्कार करें आत्मा का साक्षात्कार मिलने से ही सरस्वती की भी चमक आपकी बुद्धि में आ जाती है और जो बच्चे पढ़ने लिखने में कमजोर होते हैं वो भी अच्छा कार्य करने लग जाते हैं । इसके बाद कला की उत्पत्ति होती है अगर आप कला के बगैर आत्मसाक्षात्कार को ही अपना ना चाहे तो वह कला अधूरी रह जाती है या वो बेमर्यादा कहीं ऐसी जगह टकराती है कि जहां उसकी कला का नामोनिशान नहीं रह जाता । तो पहले आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करना ही सरस्वती का पूजन करना एक बड़ी शुभ बात है । हमें सरस्वती के प्रति उदासीन नहीं रहना चाहिए। मैं देखती हूं कि जहाँ जहाँ लोग खेती करते हैं वहां वहां धीरे-धीरे उनका संबंध प्रकृति से होता है और प्रकृति की जो खूबसूरती है उसे वह प्रकट करना चाहते हैं । जो कलाकार होता है वह भी प्रकृति की खूबसूरती को देखकर हुबहू उस तरह से ना बना उसमें अपनी भावना डालकर उसे एक नया रूप दे देता है । जब आप कला को पाने लग जाएंगे और जब आप कला की शुभ संवेदना समझ लेंगे तब आप कलात्मक चीजों की ही और रहेंगे । बहुत सी चीजें लोग बनाते हैं पर कुछ चीजें ऐसी बनती है जिसमें स्वयं चैतन्य बहता है। ऐसे तो पृथ्वी तत्व से ही बहुत से स्वयंभू निकल आए हैं लेकिन अगर आत्मसाक्षात्कारी मनुष्य कोई पुतला बनाता है या कोई कलात्मक चीज बनाता है तो उसमें से भी चेतन आने लग जाता है । सुंदर होने के साथ-साथ ऐसी कृती में एक तरह की अनंत शक्ति होती है। किसी साधारण कलाकार की बनाई कला शीघ्र समाप्त हो जाती है ।उसके प्रति ना तो लोगों की आस्था होती है और ना ही कोई श्रद्धा लेकिन अगर कोई कलाकार आत्म साक्षात्कारी हो तो उसकी कला अनंत तक चलती है क्योंकि उसके अंदर अनंत की शक्ति निहित होती है क्योंकि उसने जो कुछ भी बनाया वह आत्मा की अनुभूति से बनाया है जो आत्मा को रुचिकर है जो आत्मा पसंद करें ऐसी चीज वह बनाता है ।। कलात्मकता इस तरह से मनुष्य में बहुत सुंदरता से पनपती है और ऐसी कितनी भी कला की चीजें बनती हैं वो हमेशा के लिए संसार में मानी जाती हैं । आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति की कला अनंत की शक्ति से प्लावित होती है। तो आप लोग भी आत्मसाक्षात्कारी हो गए हैं ।कला की ओर दृष्टि बढ़ाने से एक तो जीवन में सौंदर्य आ जाता है और जीवन का रहन सहन सुंदर हो जाता है । उसके लिए जरूरी नहीं कि आप बहुत रुपया पैसा खर्च करें। मिट्टी में भी कला भरी है । आप मिट्टी की भी कोई चीज बनाएं तो भी वह कलात्मक हो सकती है । हमारे ऊबड़ खबड़ जीवन में यदि थोड़ी सी कला की झलक आ जाए तो बड़ा ही सुख और आनंद मिलता है। इसलिए आप लोगों की दृष्टि अब कला की ओर जाए तो बड़ा अच्छा हो जाए सभी लोगों के लिए। हाथ से बनी हुई चीजों में चेतन ने बहता है। मशीनों का अत्यधिक प्रयोग करने से ही वातावरण दूषित हो गया है इसका इलाज ही यह है कि आप कलात्मक चीजों की ओर बढ़े जब लोग कलात्मक चीजों की ओर बढ़ेंगे तो एक तरह की श्रद्धा कला के प्रति हो जाएगी । सबसे बड़ी बात तो यह है कि हम हजारों चीजों को बेकार ही खरीदते हैं वह बंद हो जाएगी । हाथ से बनी चीजों के द्वारा अपने हृदय का आनंद हम दूसरों को समर्पित करते हैं । अब यह सोचना है कि किस तरह से यह सौंदर्य स्थापित हो । सबसे पहले सौंदर्य में हमेशा वैचित्र्य होना चाहिए, वैरायटी होना चाहिए । परमात्मा ने यदि सब की शक्ल एक सी बनाए होती तो कैसे लगते हम लोग? सभी लोग अलग-अलग प्रकार के कपड़े पहनते हैं । हमारे देश की सभी स्त्रियां अलग ढंग रंगों की साड़ियां पहनती हैं । यह वैचित्र्य केवल हमारे देश में ही मिलता है । विकसित देशों की औरतें तो गुलाम की तरह एक ही प्रकार के फैशन करती हैं । एक ही प्रकार के बाल बनवाते हैं । उसमें कोई फर्क ही नहीं प्रतीत होता । उनके अंदर जो आत्मा है वह दबी हुई है । उनमें ना वैंचित्र्य है और न ही सृजन शक्ति । अब कला का भी यही हाल हो गया है । विदेशों में अच्छी कलाकृतियां अधिक नहीं निकलती । जब कला पैसे पर उतर आती है तब उसकी आत्मा ही खत्म हो जाती है। कला आनंदमई होना चाहिए न कि उससे कितना पैसा मिले । जब आप की यह धारणा और लक्ष्य हो जाएगा तो स्वयं आत्मा ही आपको ऐसी प्रेरणा देगा कि आप ऐसी ऐसी सुंदर चीजें बनाएंगे जो भूतो ना भविष्यति पहले कभी बनी नहीं और ना बनेगी । एक से एक कलात्मक चीज लोग बनाएंगे और शांत प्रकृति गाँवो में के लोग इस प्रकार की रचना कर सकते हैं । शांतिमय ध्यानावस्था में रहे बिना कला सृजन अधूरा रह जाता है या मर्यादा विहीन । आपको कला का तंत्र तथा तकनीक मालूम होनी चाहिए । जब आपको आत्मसाक्षात्कार होता है तभी आपकी श्रजन कला बढ़ जाती है। जब आप पर सरस्वती जी की कृपा होती है तो आप कलाकार बन जाते हैं लेकिन आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं । जब आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं तब आपका सारा ही व्यक्तित्व बदल जाता है और जो भी सृजन आप करते हैं उसमें वह शक्ति जिसे मैं अनंत की शक्ति कहती हूँ। वह समाहित होती है और ऐसी बनाई हुई चीजें ऐसी क्रिया से जिसने कोई सा भी कार्य संपन्न किया हो, उसकी कीमत आंकी ही नहीं जा सकती और अनंत तक उसकी सौंदर्य शक्ति प्रदर्शित होती रहती है। सहजयोगियों के लिए बहुत जरूरी है कि वह कला में उतरे और कला को समझें।....



**आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी को बहुत ही उत्तम और मनोकामनाओं की पूर्ती कराने वाला बताया गया है। इस बार देवश्यनी एकादशी का व्रत 29 जून को रखा जाएगा। इस दिन पूजा और व्रत के साथ साथ देवशयनी एकादशी की कथा भी जरुर पढ़नी चाहिए। आइए जानते हैं देवशयनी एकादशी की कथा और महत्व।**

# देवशयनी एकादशी के दिन जरुर करें इस कथा का पाठ,जल्द पूरी होंगी मनोकामना

आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। कहते हैं इस व्रत को करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। साथ ही आपकी आय और आयु में वृद्धि होती है। इस दिन व्रत और पूजा के साथ साथ देवशयनी एकादशी की कथा भी जरुर पढ़नी चाहिए। इसके बिना व्रत का अधूरा फल मिलता है। आइए जानते हैं देवशयनी एकादशी की कथा और महत्व।



युधिष्ठिर ने पूछा- भगवन। आषाढ़ के शुक्र-पक्ष में कौन-सी एकादशी होती है ? उसका नाम और विधि क्या है ? यह बतलानेकी कृपा करें। भगवान् श्रीकृष्ण बोले- राजन् ! आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी का नाम **शयनी** है। मैं उसका वर्णन करता हूं। वह महान् पुण्यमयी, स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करनेवाली, सब पापों को हरनेवाली तथा उत्तम व्रत है।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष में शयनी एकादशी के दिन जिन्होंने कमल-पुष्प से कमल लोचन भगवान् विष्णु का पूजन तथा एकादशी का उत्तम व्रत किया है, उन्होंने तीनों लोकों और तीनों सनातन देवताओं का पूजन कर लिया। हरिशयनी एकादशी के दिन मेरा एक स्वरूप राजा बलि के यहां रहता है और दूसरा क्षीर सागर में शेष नाग की शय्या पर तब तक शयन करता है, जबतक आगामी कार्तिक की एकादशी नहीं आ जाती; अतः आषाढ शुक्ला एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ला एकादशी तक मनुष्य को भली भांति धर्म का आचरण करना चाहिये। जो मनुष्य इस व्रत का अनुष्ठान करता है, वह परम गति को प्राप्त होता है, इस कारण यत्रपर्वक इस एकादशी का व्रत करना चाहिये।

एकादशी को रात में जागरण कर के शंख, चक्र और गदा धारण करने वाले भगवान् विष्णु की भक्तिपूर्वक पूजा करनी चाहिये। ऐसा करनेवाले पुरुष के पुण्य की गणना करने में चतुर्मुख ब्रह्माजी भी असमर्थ हैं। राजन् ! जो इस प्रकार भोग और मोक्ष प्रदान करनेवाले सर्वपापहारी एकादशीके उत्तम व्रतका पालन करता है, वह जातिका चाण्डाल होनेपर भी संसारमें सदा मेरा प्रिय करनेवाला है। जो मनुष्य दीपदान, पलाश के पत्ते पर भोजन और व्रत करते हुए चौमासा व्यतीत करते हैं वे मेरे प्रिय हैं। चौमासे में भगवान विष्णु सोए रहते हैं, इसलिए मनुष्य को भूमि पर शयन करना चाहिए।

# 19 साल बाद सावन में दुर्लभ संयोग 5 राशि वालों पर बरसेगी शिव कृपा




***सावन का पवित्र महीना, जिसे श्रावण या श्रावण के नाम से भी जाना जाता है, बस आने ही वाला है और हिंदू इस विशेष अवसर को मनाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। भगवान शिव को समर्पित, श्रावण मास (महीना) का त्योहार हिंदुओं, विशेषकर शिव भक्तों के लिए बहुत महत्व रखता है। यह भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लाखों हिंदुओं के लिए आध्यात्मिक भक्ति, उपवास और उत्सव का समय है। आमतौर पर, सावन भारत में मानसून के मौसम के आगमन के समय जुलाई और अगस्त के महीनों में पड़ता है। सावन का महीना 4 जुलाई, मंगलवार से आरंभ हो रहा है। 19 साल बाद सावन में दुर्लभ संयोग बना है। इस बार स्वयं का महीना 59 दिन का होगा। सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। ऐसे में इस बार सावन का महीना 5 राशि के जातकों के लिए विशेष होने वाला है। आइए जानते हैं सावन का यह महीना किन 5 राशिवालों के लिए भाग्यशाली रहने वाला है।***




## वृषभ राशि

वृषभ राशि के जातकों के लिए सावन का महीना बहुत शुभ है। उन्हें कई अवसर मिलेंगे जो पेशेवर क्षेत्र में उनके विकास में सुधार करेंगे। जहां तक उनके निजी जीवन की बात है, वे किसी ऐसे व्यक्ति से मिल सकेंगे जो उन्हें प्यार और रिश्तों की वास्तविक क्षमता का एहसास कराएगा।




## मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए सावन का महीना बहुत भाग्यशाली रहेंगे। उनकी कड़ी मेहनत आखिरकार रंग लाएगी और वे रोजमर्रा की भागदौड़ से दूर कुछ फुर्सत के पल निकाल सकेंगे। वे अपने प्रियजनों को आवश्यक ध्यान देने में सक्षम होंगे।




## सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों को सावन का महीना उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इन भाग्यशाली आकर्षणों को हासिल करना उन पर निर्भर है। वे अपना पूरा ध्यान उन छोटे-छोटे संकेतों की पहचान करने पर देंगे जो उन्हें अपने साथी के साथ एक सफल जीवन की ओर ले जा सकते हैं।




## तुला राशि

सावन के महीने में तुला राशि वालों का भाग्योदय होगा। जीवन के कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे जो उनके जीवन की दिशा तय करेंगे। अगर वे अपनी ऊर्जा सही जगह पर लगाएंगे तो उनके जीवन में प्यार और इच्छा के लिए बहुत जगह होगी।




## धनु राशि

धनु राशि वालों के लिए नौकरी के अवसरों की भरमार रहेगी। अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। उनके पास ढेर सारा धन, सफलता और समृद्धि होगी और उन्हें कभी भी अपने रास्ते में किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।


SATGURU NAGAR
Perfect Investment Opportunity
N
PRICE STARTS AT
1111/- SQFT
CALL NOW
8889066688
At Indore- Khandwa Road Near Choral Main road


SATGURU NAGAR
DON'T WAIT TO BUY LAND
BUY LAND AND WAIT !!
PLOT FOR SALE
NEW OFFERS EVERY WEEK
PLOT SIZE :-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT
PRICE START
1111/-
SQFT
8889066688
AT INDORE- KHANDWA ROAD NEAR CHORAL MAIN ROAD

## आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023

**आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन अक्टूबर-नवंबर में भारत में होना है। (27 जून) आगामी वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा हो गई।**

वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा
फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा।

**12 शहरों-**

चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, तिरुवंतपुरम, मुंबई ,अहमदाबाद ,पुणे, लखनऊ, दिल्ली, गुवाहाटी ,कोलकाता धर्मशाला में वर्ल्ड कप मैच खेले जाएंगे।

**भारत-पाकिस्तान की 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भिड़त होगी।**

बता दें कि पहला सेमीफाइनल मुंबई जबकि दूसरा सेमीफाइनल कोलकाता में खेला जाएगा।

**फाइनल अहमदाबाद में होगा ।**

# कब खुलेगी भारतीय सेलेक्टर्स की नींद, वेस्टेइंडीडज दौरे पर भी दोहराई ये तीन गलतियां, ऐसे कैसे बनेगी बात

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जब टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी थी, तो कई तरह के सवाल खड़े हुए थे। टेस्ट टीम में बदलाव को लेकर भी मांग उठी थी। उम्मीद की जा रही थी कि वेस्टइंडीज दौरे पर भारतीय सेलेक्टर्स टीम के कमजोर पक्षों पर काम करेंगे और एक मजबूत टीम खड़ी करने की तरफ कदम बढ़ाएंगे।

टीम की वनडे और टेस्ट टीम का एलान हुआ, तो कुछ नए चेहरों को जगह मिली, जिसमें सबसे बड़ा नाम रुतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जायसवाल का रहा है। सेलेक्टर्स ने कुछ कठिन फैसले भी लिए भी पुजारा जैसे सीनियर प्लेयर को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया। इन सबके बावजूद सेलेक्टर्स ने एकबार फिर वही गलतियां दोहराई, जो वह हर दौरे पर करते चले आ रहे हैं।

1. युवा खिलाड़ी को क्यों नहीं मिली उपकप्तानी

वेस्टइंडीज दौरे के लिए अजिंक्य रहाणे को फिर से रोहित शर्मा का डिप्टी बनाया गया है। रोहित की उम्र 36 साल हो चुकी है और रहाणे का भी क्रिकेटिंग करियर बहुत लंबा नहीं बचा है। ऐसे में तमाम दिग्गज खिलाड़ियों के अनुसार, भारत के भविष्य का टेस्ट कप्तान तैयार करने का यह सही समय था। कैरेबियाई दौरे पर किसी युवा खिलाड़ी को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए थी, ताकि वह खुद को बतौर लीडर तैयार कर सके।



### 2. टीम में चार ओपनर, लेकिन खोखला मिडिल ऑर्डर

वेस्टइंडीज दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम में चार ओपनर्स को शामिल किया गया है। रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल पारी का आगाज करते नजर आएंगे। इसके साथ ही टीम में यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ को भी रखा गया है। हालांकि, टीम इंडिया की सबसे बड़ी कमजोरी रहे मध्यक्रम में युवा खिलाड़ियों को मौका देना सेलेक्टर्स ने जरूर नहीं समझा। विराट कोहली और रहाणे के बाद मिडिल ऑर्डर में कोई बल्लेबाज उनकी जगह लेने के काबिल नजर नहीं आता है।



# पापा शाहरुख की फिल्म के साथ थिएटर डेब्यू करेंगी सुहाना खान निर्देशन करेंगे सुजॉय घोष



**शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना खान हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। सुहामना अपनी खूबसूरती के साथ साथ अपने स्मार्ट फैशन स्टाईल के लिए भी मशहूर हैं। किंग खान की लाड़ली जल्द ही सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। बॉलीवुड में एंट्री करने के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं।**

शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना खान हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। सुहाना अपनी खूबसूरती के साथ साथ अपने स्मार्ट फैशन स्टाईल के लिए भी मशहूर हैं। किंग खान की लाड़ली जल्द ही सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। बॉलीवुड में एंट्री करने के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं। सुहाना खान, जोया अख्तर की आगामी फिल्म द आर्चीज़ के साथ अपने अभिनय डेब्यू को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यह सुहाना का ओटीटी डेब्यू होगा। इसके अलावा एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा माना जा रहा है कि सुहाना अपने थिएटर डेब्यू के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। नये प्रोजेक्ट में उनके साथ कोई और नहीं बल्कि उनके सुपरस्टार पिता शाहरुख खान होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख अपनी बेटी की पहली थिएटर रिलीज का निर्माण कर सकते हैं।

### शाहरुख और सुहाना खान की अगली फिल्म का निर्देशन करेंगे सुजॉय घोष

पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार निर्माताओं ने कहानी 2 फेम फिल्म निर्माता सुजॉय घोष को इस परियोजना का निर्देशन करने के लिए चुना है। एक करीबी सूत्र ने प्रमुख दैनिक को बताया, ॐशाहरुख खान और सुजॉय घोष ने अमिताभ बच्चन और तापसी पन्नू अभिनीत बदला में निर्माता और निर्देशक के रूप में एक साथ काम किया था। यह जोड़ी अब इस फिल्म के लिए कई भूमिकाओं में फिर से साथ आएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर होगी। फिल्म से जुड़ी और जानकारी अभी प्राइवेट रखी गयी हैं। सुजॉय भी निर्देशक के रूप में एक नई शैली तलाशने के लिए उत्साहित हैं।



# हाईकोर्ट ने आदिपुरुष के मेकर्स के साथ-साथ सेंसर बोर्ड को फटकारा, कहा- धार्मिक ग्रंथों को बख्श दें

**फिल्म आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस मूवी के आने के बाद से विवाद हो रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका तक दायर हो गई, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई की और मेकर्स को फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने धार्मिक ग्रंथों के तथ्यों से होने वाली छेड़छाड़ पर भी लताड़ लगाई है।**

ओम राउत की डायरेक्टेड फिल्म आदिपुरुष को रिलीज हुए 10 दिन बीत चुके हैं। इन 10 दिनों में 10 हजार से ज्यादा विवाद हो चुके हैं। पहले तो लोग और नेता-अभिनेता ही इस पर मेकर्स पर खरीखोटी सुना रहे थे। अब इसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी टिप्पणी कर दी है। साथ ही फटकार भी लगाई है। फिल्म के डायलॉग्स भले बदल दिए गए हों। झूठ पर सच की चादर भले चढ़ाने की कोशिश की गई हो लेकिन वास्तविकता को चाहकर भी कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता। इसीलिए इस मूवी को लेकर एक याचिका कोर्ट में दायर की गई थी और इसी पर सुनवाई हुई है।

प्रभास और कृति सेनन की आदिपुरुष पर दर्शकों ने जो आपत्ति जताई थी। उसी के खिलाफ एडवोकेट कुलदीप तिवारी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में पिटीशन फाइल की थी। सोमवार 26 जून को इसी पर कोर्ट ने सुनवाई की और फिल्ममेकर्स को लताड़ लगाई। अंदर क्या हुआ, इसकी जानकारी वकील ने अपना बयान जारी करके दी। उनके मुताबिक, जस्टिस राजेश चौहान और जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की डिवीजन बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने आपत्तिजनक फिल्म आदिपुरुष के लिए मेकर्स के साथ-साथ सेंसर बोर्ड को भी फटकार लगाई है।

## मध्यप्रदेश की स्कूल बसों में कंडक्टर-ड्राइवर के कैबिन में बच्चों के बैठने पर लगी रोक

नए शिक्षा सत्र के दौरान RTO और पुलिस स्कूली बसों की रेंडम चेकिंग करेगी। उड़नदस्ते बना कर जगह जगह रैंडम चैकिंग के भी निर्देश। बसों में लगे CCTV से भी चेक किया जाएगा नियम तोड़ने वालों को। लापरवाह लोगों पर की जाएगी कार्यवाही। इस संबंध में विभाग ने स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी किया है।

## कृषि मंत्री कमल पटेल का फरमान

हरदा जिले में चल रही अवैध गतिविधियों को लेकर कृषि मंत्री कमल पटेल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक को कहां हरदा जिले में अवैध जुआघर सट्टा नशीले पदार्थ देह व्यापार पर तत्काल कार्रवाई करें अवैध धंधे को संरक्षण देने वाले थाना प्रभारी पर निलंबित की कार्रवाई करते हुए जिले से बाहर करने की प्रक्रिया तत्काल करें गौरतलब है कि हरदा जिले में अवैध धंधे के साथ देह व्यापार की चर्चा को लेकर नाराजगी जताई है

नोट जहां भी अवैध जुआघर सट्टा नशीले पदार्थ देह व्यापार एजेंटों की जानकारी हो मुझे दे कार्रवाई नहीं करने वाले को जिले से बाहर स्थानांतरित किया जायेगा

# ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किया सिवनी मालवा में 40 एम व्ही ए क्षमता का ट्रांसफार्मर



**सिवनी मालवा में एक अतिरिक्त 40 एमव्हीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति प्रारंभ हो जाने से क्षेत्र के 198 गांव के तकरीबन 54300 कृषि एवं घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को फायदा पहुँचेगा।**

**एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने नर्मदापुरम जिले में अपनी ट्रांसफारमेशन क्षमता में बढ़ोत्तरी करते हुए 132 के व्ही सबस्टेशन**

अब उन्हें भरोसेमंद उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्युत

## नर्मदापुरम् जिले की पारेषण क्षमता में हुई बढ़ोत्तरी

सप्लाई समुचित वोल्टेज पर उपलब्ध रहेगी। नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा 132 केव्ही सबस्टेशन से 33 केव्ही के 02 नये फीडर निकलने वाले हैं जो तहसील मुख्यालय सिवनी मालवा एवं 8 किलोमीटर दूर स्थित धर्मकुण्डी क्षेत्र के करीब 9000 विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करेंगे। इसी की तैयारी के मद्देनजर एमपी ट्रांसको ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मांग के अनुरूप समय पूर्व इस ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है।

### 33 के व्ही के 06 फीडर से होती है सिवनी मालवा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति

एमपी ट्रांसको नर्मदापुरम् के कार्यपालन अभियंता श्री लक्ष्मण आर्या ने बताया कि 132 के व्ही सबस्टेशन सिवनी मालवा से एम पी ट्रांसको वर्तमान में 33 के व्ही के 6 फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करती है। इनमें सिवनी मालवा, धर्मकुण्डी, पगधाल, शिवपुर, बावरी एवं सूरजपुर क्षेत्र शामिल हैं। इनकी संख्या बढ़कर भविष्य में 8 हो जायेगी। इस नये 40 एम व्ही ए ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से सिवनी मालवा सबस्टेशन की ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 90 एम व्ही ए की हो गई है। नर्मदापुरम् जिले में ट्रांसमिशन कंपनी अपने 220 के व्ही के 3 सबस्टेशन और 132 के व्ही के 6 सबस्टेशन के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। अब नर्मदापुरम् जिले की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 1925 एम व्ही ए की हो गई है। इसमें 220 के व्ही साइड 1080 एम व्ही ए तथा 132 के व्ही साइड 845 एम व्ही ए की स्थापित क्षमता शामिल है।

# श्रावण के प्रत्येक सोमवार भक्तों को मिलेगा फलाहारी प्रसाद- महाकाल मंदिर समिति के निशुल्क अन्नक्षेत्र में रहेगी व्यवस्था



**श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंदिर समिति द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए निशुल्क अन्नक्षेत्र संचालित होता है। यहां पर**

**श्रावण महिना शुरू होने के बाद प्रति सोमवार को भक्तों के लिए फलाहारी की व्यवस्था रहेगी। मंदिर समिति और दानदाता के सहयोग से इस बार श्रावण के 10 सोमवार को यह व्यवस्था की जाएगी।**

श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा महाकाल के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध शाकाहारी सादा भोजन उपलब्ध कराने के लिए सेवा चलाई जाती है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मौसम के अनुसार मीनू भी बदला जाता है। गरमी में श्रद्धालुओं को सादे भोजन में दाल-चावल, सादी रोटी और सब्जी परोसी जाती है। इसी तरह ठंड और बारिश के मौसम में भी मीनू में बदलाव आता है। वहीं शिव पर्व पर श्रावण सोमवार, महाशिवरात्रि पर फलाहारी परोसी जाती है। जिसमें साबूदाने की खिचड़ी, आलू की सब्जी व राजगिरा के आटे की पूड़ी, फलाहारी हलवा शामिल रहते है। इस बार भी मंदिर समिति और दानदाता के सहयोग से श्रावण महिने के 10 सोमवार को निशुल्क अन्नक्षेत्र में फलाहारी प्रसाद भक्तों को मिलेगा। इस बार श्रावण महिने की शुरूआत 4 जुलाई से हो रही है। अधिकमास होने के कारण श्रावण महिना दो महिने का रहेगा।

### प्रतिदिन 1200 श्रद्धालुओं को भोजन की व्यवस्था-

श्री महाकालेश्वर मंदिर के निशुल्क अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन औसत 1200 श्रद्धालुओं का रोज भोजन बनता है। पर्व-त्योहारों पर संख्या 1500 से 2000 तक भी पहुंच जाती है। अन्नक्षेत्र में भोजन के लिए श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में स्थित काउंटरों से पास जारी किए जाते हैं। श्रद्धालु पास लेकर बड़ा गणेश मंदिर के पास अन्नक्षेत्र में जाकर भोजन प्रसादी ग्रहण करते है।

## लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि 25 हजार से बढ़कर 30 हजार रुपये प्रतिमाह होगी - मुख्यमंत्री

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) को दी जा रही 25 हजार रुपये की सम्मान निधि को बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। जो लोकतंत्र सेनानी एक माह से कम अवधि के लिए बंदी रहे हैं, उनकी सम्मान निधि आठ हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की जाएगी।

दिवंगतों के परिवारों को दी जाने वाली निधि भी पांच हजार से बढ़ाकर आठ हजार रुपये की जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों को दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में ठहरने की सुविधा होगी। जिलों के विश्राम गृह और रेस्ट हाऊस में वे दो दिन तक 50 प्रतिशत शुल्क देकर रह सकेंगे। साथ ही सभी तरह की बीमारियों का संपूर्ण इलाज राज्य शासन द्वारा कराया जाएगा।

यह घोषणाएं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में मीसाबंदियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो, इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए जा रहे हैं। लोकतंत्र सेनानियों को राज्य शासन की ओर से ताम्रपत्र प्रदान किए गए थे, जिन्हें ताम्रपत्र मिलना शेष हैं उन्हें भी तत्काल ताम्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

लोकतंत्र सेनानी किसी भी तरह के कष्ट और परेशानी में अपने आप को अकेला न समझें, राज्य सरकार उनके साथ है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किए। मुख्यमंत्री ने आपातकाल की कटु स्मृतियों पर रमेश गुप्ता की पुस्तक 卐मैं मीसाबंदी-आपातकाल व्यथा-कथा- 19 महीने卐 का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सत्ताधीशों ने अपने आप को सत्ता में बनाए रखने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा गया, लेकिन लोकतंत्र सेनानियों ने बिना परिणामों की परवाह किए यातनाएं और कष्ट सहे। उन्होंने देश की आजादी की तीसरी लड़ाई लड़ी। इस संघर्ष का सम्मान हमारा कर्तव्य और धर्म है। इस दौरान सम्मेलन में सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, राज्य सभा सदस्य कैलाश सोनी, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष तपन भौमिक सहित लोकतंत्र सेनानी उपस्थित थे।

जिनकी लोकतंत्र में आस्था नहीं, उनसे सतर्क रहना जरूरी है


मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आपातकाल में कई परिवार तबाह हुए। यह वह दौर था जब कोई अपील-कोई वकील- कोई दलील नहीं सुनी जाती थी। लोकतंत्र सेनानियों ने एक सिद्धांत, विचारधारा और संगठन के लिए यातनाएं सहीं, यह उस विचार का सम्मान था, जिसने लोकतंत्र को बचाया। वर्तमान में भी लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जिनकी लोकतंत्र में आस्था नहीं है, जिनका भारतीय संस्कृति- मूल्यों और परंपराओं से कोई लेना-देना नहीं है, उनसे सतर्क रहना जरूरी है।

### हनुमान जी को चित्र में नही अपने चरित्र में उतारो

# खिलचीपुर में बोले पंडित धीरेन्द्र शास्त्री- लोगों ने हनुमान जी को चित्र तक सीमित रखा

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में सोमवार को स्टेडियम ग्राउंड में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की श्री हनुमंत कथा शुरू हो गई। पहले दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जब कथा कहने मंच पर पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने उत्साहित होकर तालियों से उनका स्वागत किया। मंच पर विराजमान हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए उन्होंने कथा वाचन शुरू किया।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत के लोगों ने हनुमान जी को केवल चित्र तक सीमित रखा है। मन्दिर तक सीमित किए हैं। मैं भारत के लोगों से कहना चाहता हूं कि तुम्हें महान बनना है तो हनुमान जी को चित्र में नहीं अपने चरित्र में उतारो। कथा के बीच-बीच मे पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने हनुमान जी के भजन सुनाए। जिसे सुनकर पांडाल में बैठे श्रद्धालु झूम उठे। पहले दिन की कथा की समाप्ति के दौरान धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि 27 जून मंगलवार को सुबह 11 बजे हम पहले दिव्य दरबार लगाएंगे उसके बाद फिर शाम को कथा में धर्म विरोधियों के छक्के छुड़ाएंगे। 6 बजे शुरू हुई कथा रात साढ़े 8 बजे तक चली। जिस दौरान कथा सुनने के लिए देशभर से करीब 70 हजार से अधिक महिला-पुरुष व बच्चे पहुंचे।



### बाबा की झलक देखने उमड़ा जन सैलाब

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में सोमवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री को एक झलक देखने के लिए ब्यावरा से खिलचीपुर तक सड़क के पास हुजूम उमड़ पड़ा। बाबा ने लोगों से वाहन के ऊपर से हाथ जोड़कर सीताराम किया। जिसके बाद उनका काफिला दोपहर तीन बजे खिलचीपुर पहुंचा। इस दौरान यहां हल्की बारिश हो रही थी। जिसके बाद धीरेन्द्र शास्त्री कथा स्थल के सामने एक पैलेस में रुके। जहां कुछ देर आराम करने के बाद करीब साढ़े 6 बजे वहां कथा स्थल पर पहुचे थे।









पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार साहब और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चोरल सरपंच भाई साहब अशोक सैनी जी के नेतृत्व में भव्य चुनरी कलश यात्रा के साथ नारी सम्मान आम सभा में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री विधायक बाला बच्चन साहब और अध्यक्षता पूर्व नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कैबिनेट मंत्री विधायक सुरेंद्रसिंह हनी बघेल और पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार साहब के साथ हजारों माता बहनें वरिष्ठ नेता गण और कार्यकर्ता गण शामिल हुए जुगनू जादवसिंह धनावत












## मंत्री स्मृति ईरानी ने विपक्ष की एकता पर कहा-भेड़िए झुंड में आए तब भी शेर का शिकार नहीं कर सकते

**इन्दौर ( अशोक सैनी )। मंत्री ईरानी ने कहा कि 9 साल पहले देश ने असाधारण दृश्य देखा था, जब प्रधान सेवक ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए देश मे 11 करोड़ शौचालय बनवाए। कांग्रेस ने गरीब को गरीब बनाया।**



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को इंदौर के बास्केटबॉल स्टेडियम में एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पटना में टूटी-फूटी विपक्ष निजी स्वार्थ के लिए एकजुट होने का प्रयास कर रहे है। कल की विपक्ष पारी की शुरुआत राजनीतिक ब्लैकमेल से हुई। आम आदमी का रुख सबके सामने है। स्मृति ने कहा कि भेड़िए झुंड में शिकार करने निकले तो भी शेर का शिकार नहीं कर सकते प्रधानमंत्री के साथ देश की जनता का प्यार है। विपक्ष के नेताओं की हालत यह है कि अपना घर संभाल नहीं सकता देश क्या संभालेंगे।

मंत्री ईरानी ने कहा कि 9 साल पहले देश ने असाधारण दृश्य देखा था, जब प्रधान सेवक ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए देश मे 11 करोड़ शौचालय बनवाए। कांग्रेस ने गरीब को गरीब बनाया। सिर्फ गरीबी के नारे दिए। हमारी सरकार ने गरीब को समाधान दिया। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की पहचान घोटालों के कारण थी। भाजपा की सरकार ने विकास कर देश को विश्व की पहचान दी।

### 56 दुकान पहुंची मंत्री ईरानी

दिल्ली की उड़ान में देरी होने के कारण मंत्री ईरानी तीन घंटा देरी से इंदौर पहुंची। प्रबुद्धजनों से मुलाकात के बाद वे सीधे 56 दुकान पहुंची और वहां आलू पेटिस,पानी बताशे, शिकंजी का लुत्फ उठाया। इसके बाद वे बास्केटबॉल के कार्यक्रम में पहुंची।

## जिन कॉलोनियों में प्राधिकरण ने दस प्रतिशत से भी कोई काम नहीं किया, उसे स्कीम से हटाएंगे

**प्राधिकरण ने 30 साल पहले रिंग रोड निर्माण के लिए चंदन नगर में स्कीम घोषित की थी। चंदन नगर से 100 फुट चौड़ा रिंग रोड़ बनना था, लेनिक वहां एक पूर्व पार्षद ने खुद के नाम से एक अवैध कॉलोनी काट दी। सालभर पहले प्राधिकरण ने चंदन नगर से स्कीम हटा दी।**

शहर में नगर निगम 100 से ज्यादा मोहल्लों और बस्तियों को मुक्त कर चुका है, लेकिन उन कॉलोनियों को वैध नहीं किया जा रहा है, जो इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की स्कीम में शामिल है। अब उन कॉलोनियों से स्कीम हटाने की तैयारी प्राधिकरण ने की है। शहर में पंद्रह से ज्यादा इलाकों में आईडीए ने स्कीम तो घोषित की, लेकिन वर्षों तक कोई काम नहीं किया और न ही उसे स्कीम से मुक्त किया।

अब उन जगहों पर बगैर नक्शे के मकान बन चुके है और स्कीमों के मामले में कोर्ट में होने के कारण प्राधिकरण ने भी वहां विकास के काम नहीं किए। प्राधिकरण के लिए स्कीम में पूरी जमीनें लेना आसान नहीं है और वहां प्लॉट भी विकसित नहीं हो सकते, इसलिए उन इलाकों से स्कीम हटाना ही बेहतर होगा।

# 70 करोड़ के ड्रग्स मामले में भाजपा नेता और पूर्व राज्य मंत्री का बेटा गिरफ्तार

**70 करोड़ के एमडी ड्रग्स मामले में फरार बिलाल खान को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। बिलाल इंदौर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व राज्य मंत्री कमाल खान का बेटा है। बिलाल खान साल 2021 में पकड़ी गई ड्रग्स के मामले में फरार था। पुलिस को बिलाल खान की सरगर्मी से तलाश थी। पुलिस ने उस पर चार हजार का इनाम भी घोषित किया था।**

बिलाल की गिरफ्तारी की मांग पर बजरंग दल ने किया था प्रदर्शन

बिलाल खान की गिरफ्तारी को लेकर बजरंग दल ने पलासिया चौराहे पर जमकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद बजरंग दल पर लाठीचार्ज भी हुआ था। इस मामले में दो अधिकारियों को गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने लाइन अटैच किया है और पूरे मामले की जांच एडीजी स्तर के अधिकारी करने में जुटे हुए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी निमिष अग्रवाल के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर आरोपी को छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के पास घूमते हुए गिरफ्तार किया गया है। बिलाल खान से पूछताछ की जा रही है।

### पब में ड्रग सप्लाई करता था बिलाल

बिलाल खान पर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में और भी मामले दर्ज हैं, जिनकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। बिलाल खान पब में ड्रग सप्लाई करने का काम करता था। 2021 में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में बिलाल खान का नाम सामने आया था, तब से ही वह फरार था। इंदौर क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर थी। फिलहाल बिलाल खान से क्राइम ब्रांच बारीकी से पूछताछ में जुटी हुई है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )